C M Y K

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 62 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 19 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## बिजौलिया पुलिस बनी अपराधियों की दुश्मन - आमजन की ढाल

# थाना अधिकारी लोकपाल सिंह की सख्ती से अपराधों में भारी गिरावट, जिले में अव्वल रही बिजौलिया पुलिस

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

( कपिल श्याम विजय )

अपराधी अब चैन से नहीं, जनता अब सुकून से जी रही है।÷ यह तस्वीर पिछले एक साल में बिजौलिया थाना क्षेत्र की है। 11 जुलाई 2024 में थाना अधिकारी पद का कार्यभार संभालने के बाद से लोकपाल सिंह ने जिस तरह पुलिस टीम को सक्रिय किया, उससे अपराध का ग्राफ लगातार गिरा है और लोगों के बीच सुरक्षा का माहौल बना है।




### डकैती से शुरूआत - बदमाशों पर पहली बड़ी चोट

थाना अधिकारी सिंह के कार्यभार संभालने के चंद दिन बाद ही 16 जुलाई कि रात खटीक मोहल्ले में बंदूक की नौक पर डकैती हुई। वारदात ने क्षेत्र को दहला दिया, लेकिन पुलिस ने हार नहीं मानी। केवल 12 दिन के भीतर ही अंतरराज्यीय बाछड़ा गैंग के सात बदमाश धर लिए गए। इनमें से दो बदमाश 25-25 हजार के इनामी थे। बदमाशों ने देश के कई राज्यो में 100 से अधिक वारदातों को अंजाम दिया था । यह खुलासा सिर्फ पुलिस की फुर्ती ही नहीं, बल्कि नए नेतृत्व की सख्त कार्यशैली का संकेत भी था।

### लगातार दबिश - अपराधियों के लिए मुश्किल हालात

डकैती केस के बाद पुलिस ने अपनी पकड़ और मजबूत कर ली। अवैध शराब से लेकर मादक पदार्थों की तस्करी, नकबजनी और जुआखोरी तक–हर अपराध पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। चीताबड़ा में हुए दोहरे मर्डर केस, बाइक चोरी , ट्रेलर चोरी , कार चोरी , सुनसान घरों को निशाने बनाने और चेन स्नैचिंग जैसी घटनाओं का खुलासा कर पुलिस ने साफ कर दिया कि अपराध चाहे छोटा हो या बड़ा, आरोपी अब बच नहीं पाएंगे।

### बदली थाने की कार्यशैली


थाना अधिकारी लोकपाल सिंह ने कार्यशैली में भी बदलाव किए। लंबे समय से थाने में जमे कर्मचारियों को हटाकर एक नई और ऊर्जावान टीम बनाई गई। पुलिसकर्मी गांव-गांव जाकर रात-दिन गश्त कर रहे हैं। सीमावर्ती कांस्या इलाके में 24 घंटे निगरानी का इंतजाम किया गया, जिससे मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगा। आमजन का कहना है कि अब पुलिस गांवों तक सक्रिय है और यही बदलाव उन्हें सुरक्षा का अहसास कराता है।

### नया थाना भवन - जल्द होगी शुरुआत

थानाधिकारी सिंह के नेतृत्व में ही बिजौलिया थाने के नव निर्माण के लिए 88 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति भी मिल चुकी है। टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है और बारिश थमते ही निर्माण कार्य शुरू होगा। नया भवन पुलिस और जनता दोनों के लिए सुविधाजनक साबित होगा।

### जनता में विश्वास, अपराधियों में डर

पिछले एक साल में पुलिस की सक्रियता और नेतृत्व के कारण हालात इतने बदले कि आज लोग खुलकर कहते हैं - अब अपराधियों को डर है और हमें चैन। वहीं पुलिस का कहना है कि प्राथमिकता सिर्फ एक है - अपराधियों में भय और जनता में विश्वास कायम करना । वही इस संबंध में थानाधिकारी लोकपाल सिंह का कहना है की पुलिस अपने काम को बखूबी अंजाम दे रही है , क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई एवं सफलता थाना पुलिस टीम के सहयोग की वजह से संभव हो रही है ।



### आंकड़े बोलते हैं - एक साल का रिपोर्ट कार्ड

सिंह के नेतृत्व में बिजौलिया पुलिस ने बीते एक साल में लगातार दबिश बनाए रखी और कई मामलों में रिकॉर्ड तोड़ कार्रवाई की -

- 6 आर्म्स एक्ट मामलों में कार्रवाई, अवैध हथियार जब्त।
- 25 आबकारी मामले, बड़ी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी गई।
- 13 अवैध खनन के मामले, कई वाहनों को जब्त किया गया।
- 7 एनडीपीएस मामले, करोड़ों रुपये की कीमत का मादक पदार्थ जब्त।
- 7 स्मैक और गांजा तस्करी की कार्रवाइयाँ, कई तस्कर जेल पहुंचे।
- 8 जुआखोरी पर कार्रवाई, जुए का नेटवर्क पूरी तरह ध्वस्त।
- 326 उत्पाती तत्वों को हिरासत में लेकर कार्रवाई।
- चीताबड़ा में दो मर्डर केस, बाइक चोरी और चेन स्नैचिंग के मामलों का खुलासा।

इन कार्रवाइयों ने बिजौलिया पुलिस को जिले में अपराधों का सबसे ज्यादा खुलासा करने वाला थाना बना दिया है।


# रिश्तों का कत्ल : दादा ने पोती की हत्या कर शव संदूक में छुपाया

## पुलिस ने आरोपी को डिटेन कर कबूल कराया जुर्म, दरिंदगी की आशंका

भीलवाड़ा फोकस @ हनुमानगढ़

टाउन थाना क्षेत्र की बिहारी बस्ती में 8 वर्षीय मासूम की हत्या के मामले ने पूरे इलाके को दहला दिया है। आरोपी कोई और नहीं, बल्कि बच्ची का दादा ही निकला, जिसने गला घोंटकर उसकी जान ले ली और शव संदूक में छुपा दिया। अब पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से यह भी साफ होगा कि बच्ची के साथ दरिंदगी हुई या नहीं।

एसपी हरी शंकर ने बताया कि बच्ची के पिता ने शनिवार रात को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि बेटी शाम करीब 7 बजे मामा के घर गई थी, लेकिन वहां मामा न होने पर लौटते वक्त वह घर नहीं पहुंची। इसके बाद से पुलिस तलाश में जुटी रही। पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और आसपास के रूट पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लेकिन बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला। इस बीच बच्ची दो दिन से लापता रही और आरोपी दादा उन्हीं परिजनों को ढांढस बंधाता रहा।



रविवार को पुलिस जब आरोपी के मकान के पास पहुंची तो ताला बंद मिला, जिससे शक गहराया। पुलिस ने आरोपी को डिटेन कर पूछताछ की, लेकिन वह शराब के नशे में भटकाता रहा। सोमवार सुबह दोबारा पूछताछ में उसने वारदात स्वीकार कर ली।

टाउन थानाधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि आरोपी ने मासूम का गला घोंटकर हत्या की है। उसके साथ दरिंदगी की भी आशंका है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसकी पुष्टि होगी।

इस घटना से पूरे मोहल्ले में मातम पसरा है। बच्ची की दादी और पिता ने आरोपी को फांसी देने की मांग की है। वहीं स्थानीय लोगों ने घर के पास बने शराब के ठेके को हटाने की गुहार लगाई है।



# चुनाव आयोग पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लगाए पक्षपात के आरोप

## कहा- भाजपा नेताओं को छूट, विपक्षी दलों से शपथ पत्र मांगे जा रहे

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि आयोग विपक्षी दलों के साथ पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रहा है और भाजपा के साथ सांठगांठ कर काम कर रहा है।

गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी एक संवैधानिक पद पर रहते हुए पूरी जिम्मेदारी से सबूतों के साथ चुनाव आयोग पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोप लगा चुके हैं। इसके बावजूद आयोग ने अपनी गलती मानने की बजाय राहुल गांधी से शपथ पत्र मांगा।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने भी कुछ सीटों पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोप लगाए थे, लेकिन उनसे किसी तरह का शपथ पत्र नहीं मांगा गया।



गहलोत ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का हवाला देते हुए कहा कि 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान यादव ने चुनाव आयोग को शपथ पत्र के साथ 18 हजार शिकायतें और उनकी पावती रिसीविंग को सार्वजनिक किया था। इसके बावजूद आयोग अब यह कह रहा है कि उसे कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

गहलोत ने इसे आश्चर्यजनक बताते हुए आरोप लगाया कि चुनाव आयोग का यह रवैया विपक्षी दलों के खिलाफ और भाजपा के पक्ष में है।

C M Y K

# बिजौलिया नगर पालिका की बैठक : पट्टों और दुकानों पर सख्ती, अब होगा ऑक्शन

## किराया बढ़ा, उपकिरायेदारों की दुकानें जब्त कर नीलामी का फैसला

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

नगर पालिका क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर सोमवार को उपखंड कार्यालय में विधायक गोपाल खंडेलवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जहां सड़क, नाले और बस स्टैंड विकास जैसे प्रस्ताव लिए गए, वहीं नगर पालिका ने पट्टों और दुकानों को लेकर कड़ा रुख अपनाया।

बैठक में तय किया गया कि नगर पालिका सीमा में मौजूद ग्राम पंचायत के निःशुल्क और रियायती दर पर दिए गए पट्टों का सीमा ज्ञान कर उन्हें नगर पालिका के क्षेत्राधिकार में दर्ज किया जाएगा। इसके बाद इन पट्टों और कब्जाई गई



जमीन को ऑक्शन के जरिए छोड़ने की तैयारी की जाएगी।

इसी तरह नगर पालिका की दुकानों पर भी सख्त निर्णय हुआ। लंबे समय से बकाया किराया वसूला जाएगा, उपकिरायेदारी पर चल रही 11 दुकानों का पजेशन लेकर उन्हें नीलामी में छोड़ा जाएगा। हाट बाजार की दुकानों का किराया बढ़ाकर प्रति दुकान 12,500 रुपए कर दिया गया है। इसके साथ ही रोडवेज बस स्टैंड विकास और सौंदर्यकरण पर 37.66 लाख रुपए, टूटे हुए क्रॉस नालों पर 20.09 लाख रुपए और सब्जी मंडी से अस्पताल तक मार्ग निर्माण पर 12.29 लाख रुपए खर्च करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। तेजा दशमी मेला पूर्व की भांति बस स्टैंड के पीछे वाले मार्ग पर ही आयोजित होगा।

बैठक में विधायक गोपाल खंडेलवाल, उपखंड अधिकारी एवं प्रशासक अजीत सिंह राठौड़, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल और अधिवक्ता सुनील जोशी मौजूद रहे।

# मनचले की सरेआम परेड, पुलिस ने सिखाया सबक कॉलेज छात्रा से छेड़छाड़ करने पर कार्रवाई



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

कॉलेज छात्रा से छेड़छाड़ करना एक मनचले को भारी पड़ गया। छात्रा की रिपोर्ट पर पुलिस ने न केवल आरोपी को गिरफ्तार किया बल्कि कॉलेज क्षेत्र में उसकी सरेआम पैदल परेड कराई।

सदर थाना प्रभारी कैलाश बिश्नोई ने बताया कि एक पीड़िता छात्रा ने शिकायत दी थी कि आरोपी माहरुफ पुत्र अब्दुल महबूब (20 वर्ष), निवासी भिनाय, जिला अजमेर हाल मुकाम माण्डल कॉलेज आने-जाने के दौरान उसका पीछा करता है और आपत्तिजनक टिप्पणियां करता है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। जिसके बाद युवक की कॉलेज कैंपस में परेड करवाई । जिसपर युवक ने शर्मिंदा होकर आगे से ऐसी गलती नहीं करने का वादा किया ।

# अतिवृष्टि से किसानों की फसलें चौपट, चारे का संकट गहराया

## भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि से किसानों की फसलें चौपट हो गई हैं और खेतों में खड़ा पशुओं का चारा भी नष्ट हो गया है। इसी को लेकर सोमवार को भारतीय किसान संघ ने मांडलगढ़ उपखंड कार्यालय पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि बरूदनी से बिलोंड सड़क मार्ग के आसपास खेतों में पानी भर जाने से निकासी नहीं हो पा रही है, जिसके कारण किसानों की हालत दयनीय हो गई है। संघ ने मांग की कि खेतों से पानी की निकासी करवाई जाए और फसल खराबे का आंकलन कर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए ताकि उनका नुकसान पूरा हो सके। इसके अलावा सहकारी समिति में यूरिया खाद की कमी की समस्या भी उठाई गई। किसानों का कहना है कि उन्हें मजबूरी में महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। ज्ञापन में सरकार से खाद का उचित प्रबंध करवाकर किसानों को राहत प्रदान करने की मांग की गई।

ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष लालाराम गुर्जर, जिला प्रचार प्रमुख श्यामलाल सुथार, जिला राजस्व प्रमुख पुष्कर लाल मीणा, सह मंत्री प्रकाश गुर्जर, विधि प्रमुख चैनसुख जैन, शिवप्रकाश भट्ट, भेरूलाल मीणा, किशनलाल माली, महिला प्रमुख दुर्गादेवी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे ।

# पॉलिटिकल पार्टी चंदा घोटाले में भीलवाड़ा के अकाउंटेंट पर आईटी रेड

## पांचवीं कार्रवाई, करोड़ों की बोगस ट्रांजैक्शन की जांच

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

पॉलिटिकल पार्टी बनाकर राजनीतिक चंदे के जरिए बोगस ट्रांजैक्शन करने के मामले में आयकर विभाग ने सोमवार को भीलवाड़ा में एक बार फिर रेड डाली है । दिल्ली और जयपुर से पहुंची आईटी टीमों ने प्रताप नगर थाना क्षेत्र के चंद्रशेखर आजाद नगर स्थित अकाउंटेंट और टैक्स सलाहकार कन्हैयालाल बाकलीवाल (50) के घर पर छापेमारी की। इसी दौरान मुंबई में उनके बेटे आशीष बाकलीवाल के ऑफिस पर भी टीम ने सर्च अभियान चलाया।

सूत्रों के मुताबिक, टीम को करोड़ों रुपये के फर्जी लेन-देन का खुलासा होने की आशंका है। आयकर अधिकारियों ने बाकलीवाल के घर व ऑफिस से कई अहम दस्तावेज खंगाले और उनसे पूछताछ की।

गौरतलब है कि 14 जुलाई को सीबीडीटी के निर्देश पर देशभर में करीब 150 ठिकानों पर छापेमारी हुई थी। इसके बाद से अब तक



भीलवाड़ा में पांच बार रेड हो चुकी है। इनमें 2 अकाउंटेंट, एक राजनीतिक दल का राष्ट्रीय अध्यक्ष और दो पदाधिकारी शामिल हैं।

# ढीकोला ग्रामवासियों ने कब्रिस्तान आरक्षण हटाने की उठाई मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

तहसील की ग्राम पंचायत ढीकोला के सैकड़ों ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर राजस्व भूमि से कब्रिस्तान आरक्षण हटाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि चारागाह, बनजड़ व जलग्रहण क्षेत्र के रूप में दशकों से उपयोग में रही है और इसे मूल स्वरूप में बहाल किया जाए।

हिन्दू जागरण मंच के प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख लक्ष्मण सिंह राठौड़ के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2013 में कुछ प्रभावशाली तत्वों और पूर्व जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से तथ्यों को छिपाकर इस भूमि पर कब्रिस्तान आरक्षण करवा दिया गया। ग्रामीणों ने इसे पर्यावरणीय दृष्टि से अति संवेदनशील क्षेत्र बताया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि गांव में पहले से ही 2 बीघा भूमि कब्रिस्तान हेतु आरक्षित है, साथ ही 27 बीघा भूमि दरगाह के नाम दर्ज है।

ग्रामीणों ने बताया कि यह भूमि श्मशान घाट, विद्यालय खेल मैदान और भीमसागर तालाब के समीप है, जिससे सामाजिक और पर्यावरणीय असंतुलन की स्थिति पैदा हो रही है।

ग्रामीणों ने मांग की कि 29 परिवारों के उपयोग के लिए पहले से उपलब्ध भूमि ही पर्याप्त है, इसलिए आरक्षण तत्काल निरस्त



कर भूमि को वापस चारागाह व जलग्रहण क्षेत्र घोषित किया जाए।

# बिन्धयाभाटा स्कूल में शिक्षा व्यवस्था पर सवाल, प्रधानाध्यापिका व शिक्षक के तबादले की उठी मांग



**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

बिन्धयाभाटा ग्राम के सरकारी विद्यालय में शिक्षा की गिरती गुणवत्ता और शिक्षकों की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। बच्चों को पढ़ाने के बजाय मोबाइल में व्यस्त रहने के आरोपों के चलते प्रधानाध्यापिका माया टांक और शिक्षक अनिल पत्रिया के ट्रांसफर की मांग उठी है। ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी, पालिका चेयरमैन नरेश मीणा और भाजपा नगर अध्यक्ष महेंद्र खटीक को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि दोनों शिक्षक नियमित समय पर विद्यालय नहीं आते और बच्चों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। इसी कारण कई छात्राओं ने विद्यालय से टी.सी. कटवा ली है और अन्य विद्यार्थी भी स्कूल छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं।


ग्रामीणों का कहना है कि कई बार समझाने और विरोध-प्रदर्शन के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने शिक्षा विभाग से शीघ्र कार्रवाई कर दोनों का तबादला करने की मांग की है, ताकि विद्यालय में शिक्षा का स्तर सुधर सके और बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहे।



## आज़ादी के संघर्ष का 'आधुनिक लक्ष्मण'

### बिजौलियां के गोपीलाल स्वर्णकार का बलिदानी योगदान

स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अनेकानेक वीरों ने अपने साहस और त्याग की अमिट छाप छोड़ी। इन्हीं में से एक थे बिजौलियां के गोपीलाल स्वर्णकार, जिन्हें लोग स्वतंत्रता संघर्ष का ÷आधुनिक लक्ष्मण÷ कहते हैं। बीसवीं सदी के तीसरे-चौथे दशक में जब पूर्वी राजस्थान में न सड़के थीं और न ही परिवहन की कोई सुविधा, तब बिजौलियां किसान आंदोलन का गढ़ बन गया। इसी आंदोलन ने एक ऐसे युवक को जन्म दिया जिसने पूरे देश में नया इतिहास रचा।



गोपीलाल स्वर्णकार अपने बड़े भाई भंवरलाल स्वर्णकार (जन्म से नेत्रहीन, परंतु प्रख्यात कवि और गायक) के साथ स्वतंत्रता की अलख जगाने में जुटे रहे। भंवरलाल के गीत और कविताएं जन-जन में लोकप्रिय हुईं, परंतु इस जनसमूह तक उन्हें पहुँचाने का कठिन कार्य उनके छोटे भाई गोपीलाल ने निभाया। बीहड़ जंगलों से लेकर गाँव-गाँव तक भंवरलाल को हाथ पकड़कर ले जाना, सभा-समितियों में पहुँचाना और हर कठिनाई में साथ देना, यही गोपीलाल का सबसे बड़ा योगदान था।

स्वर्णकार बंधुओं की बढ़ती लोकप्रियता से मेवाड़ व हाड़ौती की रियासतें भी विचलित हो उठीं। उनकी गिरफ्तारी के आदेश तक निकले, पर जनता का समर्थन इनके पीछे खड़ा रहा। यहाँ तक कि महाराणा फतहसिंह के दरबार में जाकर दोनों भाईयों ने खरी-खरी बातें कहीं। नाराजगी की बजाय महाराणा ने उन्हें सम्मानपूर्वक भोजन कराया और विदाई दी।


आजादी के दिनों में जब अंग्रेजों के इशारों पर स्थानीय पुलिस का आतंक व्याप्त था, तब भी गोपीलाल ने अपने भाई का साथ कभी नहीं छोड़ा। यातनाएँ सही, परिवार की कठिनाइयों की परवाह नहीं की और बच्चों-महिलाओं के कष्टों के बीच भी स्वतंत्रता संग्राम का दीप जलाते रहे।

यह सत्य है कि कविताएं और गीत भंवरलाल स्वर्णकार की आवाज़ थे, पर उनमें प्राण फूंकने वाले साथी और संघर्ष-पथ पर सहयात्री बने रहे गोपीलाल स्वर्णकार। निस्संदेह, वे स्वतंत्रता संग्राम के एक ऐसे अनसुने नायक हैं, जिन्होंने आधुनिक लक्ष्मण की तरह अपने भाई का हाथ थामे रखा और आज़ादी के पथ को जन-जन तक पहुँचाया।

लेखक - तेजसिंह तरुण

## बाणमाता मंदिर में विकास समिति की बैठक 23 अगस्त को

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़



उपखंड क्षेत्र के बाणमाता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान के तहत गोवटा माता मंदिर प्रांगण में विकास समिति की बैठक 23 अगस्त, अमावस्या को आयोजित होगी। बैठक का संचालन अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा करेंगे।

बैठक में मंदिर के विकास कार्यों पर चर्चा की जाएगी और दानपात्र दोपहर 12=15 बजे खोला जाएगा। इसके अलावा आगामी 22 से 30 सितंबर तक आयोजित होने वाले नवरात्र महोत्सव की तैयारियों पर भी विचार-विमर्श होगा। बैठक में लाइट, टेंट के टेंडर और यात्रियों की सुविधा के लिए अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# भाजपा जिला कार्यकारिणी की पहली बैठक में संगठनात्मकरणनीति पर जोर

## जिलाध्यक्ष मेवाड़ा बोले - हर पदाधिकारी अध्यक्ष के समान, एकजुट होकर करें काम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



भारतीय जनता पार्टी की नवगठित जिला कार्यकारिणी के मनोनीत पदाधिकारियों की पहली बैठक जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर आयोजित हुई।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि बैठक की शुरुआत में जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने सभी पदाधिकारियों का उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया। इसके बाद पदाधिकारियों ने अपना परिचय दिया। इस अवसर पर मेवाड़ा ने कहा कि पार्टी में प्रत्येक पदाधिकारी अध्यक्ष के समान है और सभी को संगठन हित में एकमुखी होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम श्रेष्ठता की भावना से ऊपर उठकर सेवा भाव से कार्य करेंगे तो दायित्वों का निर्वहन और अधिक प्रभावी होगा।

मेवाड़ा ने पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर पार्टी से जोड़ने की अपील की। बैठक में सोशल मीडिया और आईटी सेल के माध्यम से संगठन की गतिविधियों एवं केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया गया।


बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया तथा आभार महामंत्री कन्हैयालाल जाट ने व्यक्त किया। बैठक में जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, उपाध्यक्ष विशाल गुरुजी, मंजू चैचाणी, लक्ष्मण सिंह राठौड़, गोपाल तेली, अमर सिंह चौहान, कल्पेश चौधरी, अशोक तलाईच, कुलदीप शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर उपभोक्ता की सहमति से ही लगाए जाएं : शर्मा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

राजस्थान में बिजली उपभोक्ताओं के बीच स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर उठ रही नाराजगी और विवाद के बीच ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री शक्ति नारायण शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर केवल उपभोक्ता की सहमति से ही लगाए जाएं।

शर्मा ने पत्र में उल्लेख किया कि राजस्थान विद्युत वितरण कंपनी प्रदेशभर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य कर रही है, लेकिन कई गांवों और शहरों में इसका विरोध हो रहा है और जगह-जगह विवाद की स्थिति भी पैदा हो रही है। बिजौलिया उपखंड क्षेत्र में लगभग 25 हजार मीटर लगाए जाने हैं, जिनमें से 4 हजार बिजौलिया कस्बे में ही लगाए जाएंगे। वहीं पूरे प्रदेश में करीब 1 करोड़ 40 लाख मीटर लगाने का




प्रावधान है।

उन्होंने सवाल उठाया कि इतनी बड़ी डील में सरकार का करोड़ों रुपए का खर्च आएगा, जिसका बोझ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जनता पर पड़ेगा। साथ ही, इससे संबंधित कंपनी को लाभ पहुंचाने की आशंका भी जताई। शर्मा ने कहा कि पूर्व में भी विद्युत वितरण कंपनी ने सही स्थिति वाले मीटर बदलकर नए मीटर लगाए थे, जिससे उपभोक्ताओं को ठगा गया।

उन्होंने मांग की कि केवल खराब मीटरों को ही बदला जाए और नए स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की सहमति से लगाए जाएं।

# वीर तेजाजी महाराज जयंती की तैयारी शुरू, शाहपुरा में संचालन समिति गठित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



राजस्थान के लोकदेवता वीर तेजाजी महाराज की जयंती इस बार शाहपुरा में 1 सितम्बर को धूमधाम से मनाई जाएगी। भव्य आयोजन की तैयारी को लेकर सोमवार को जाट छात्रावास शाहपुरा में बैठक आयोजित हुई, जिसमें संचालन समिति का गठन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से एडवोकेट रामप्रसाद जाट को संयोजक, रामदयाल ज्यानी व जगदीश बगड़िया को सहसंयोजक और कैलाश गोरा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं अध्यक्ष बन्नालाल जाट, उपाध्यक्ष रामधन जाट व लक्ष्मण जाट, सचिव जगदीश जाट तथा सह सचिव रतनलाल जाट को जिम्मेदारी सौंपी गई।

कार्यक्रम को सुचारू रूप देने के लिए तहसीलवार दायित्व भी तय किए गए। शाहपुरा तहसील का संयोजन धरमीचंद धोलिया को, फुलियाकलां का राकेश थरोड़ा, बनेड़ा का रंजीत घरटा, जहाजपुर का मुकेश जाट, हुरड़ा का रामराज गोदारा और ढीकोला उपतहसील का संयोजन नारायणलाल जाट को सौंपा गया। इसके अलावा कालूराम गुगड़, रामलाल जाट, हरि बगड़िया, रामधन गोदारा, कालूराम जाट, माधु जाट, शिवराज जाट, ओमप्रकाश जाट, सत्यनारायण जाट सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं व पंचायत प्रभारियों को कार्यक्रम की सफलता हेतु जिम्मेदारी दी गई।

# बडलियास पुलिस और डीएसटी की बड़ी कामयाबी

## क्रेटा कार से 54 किलो डोडा चूरा जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार, दूसरा फरार

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**दिनेश पारीक** - मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चल रही सख्त कार्रवाई के तहत बडलियास थाना पुलिस और जिला विशेष टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने खजीना गांव के पास नाकाबंदी के दौरान एक कार से 54 किलो से अधिक डोडा चूरा बरामद कर एक आरोपी को दबोचा, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

पुलिस कार्रवाई थानाधिकारी सिद्धार्थ प्रजापत के नेतृत्व में नाकाबंदी के दौरान की, जहां सफेद क्रेटा कार को रोकने की कोशिश पर चालक वाहन को खेतों में मोड़कर भागने लगा। पीछा कर पुलिस ने कैलाशचंद्र पिता गणेश जाट निवासी खटवाड़ा, बिगोद को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी बद्रीलाल जाट पिता सत्यनारायण जाट निवासी प्रतापपुरा, टोंक फरार हो गया। पुलिस को तलाशी में कार से तीन कट्टों में भरा कुल 54.310 किलो डोडा चूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मादक पदार्थ व वाहन को जब्त कर



प्रकरण दर्ज किया है । इस कार्रवाई में थाना बडलियास टीम व डीएसटी प्रभारी राजपाल सिंह मय स्टाफ शामिल रहे।

# बच्चों ने शिक्षा के लिए लगाई दौड़ , लाइट ऑफ लाइफ़ ट्रस्ट का छह केंद्रों पर 'रन फॉर एजुकेशन' आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



**( मानव तिवाड़ी )** । बच्चों में शिक्षा, स्वास्थ्य और अनुशासन का संदेश देने के लिए लाइट ऑफ लाइफ़ ट्रस्ट की ओर से सोमवार को ÷रन फॉर एजुकेशन - मैराथन का आयोजन किया गया। विशेष बात यह रही कि यह मैराथन एक साथ छह केंद्रों - बिजौलिया, मकरेडी, गरडदा, कांस्या, सलावटिया और भोपतपुरा पर संपन्न हुई।

बच्चों ने अलग-अलग आयु वर्ग के अनुसार 2 से 5 किलोमीटर तक की दौड़ पूरी की। इस दौरान उन्हें शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया और पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया गया। दौड़ में शामिल बच्चों का उत्साह देखने लायक था।

संस्था के परियोजना अधिकारी राजमल भील, असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर रविपाल व शकुन्तला धाकड़ सहित छह केंद्रों के कार्यकारी रेनू कंवर, बेबी वर्मा, सोनल खिंची, राकेश मीना, पवन बैरागी और प्रमोद धाकड़ तथा पूरी अध्यापक टीम मौजूद रही।

# अग्रवाल समाज संपत्ति ट्रस्ट के चुनाव संपन्न , अग्र एकता मंच ने लहराया परचम, सभी 7 पदों पर जीत

## पवन खेमका अध्यक्ष, मुकेश अग्रवाल महामंत्री निर्वाचित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**(पंकज पोरवाल)।** श्री अग्रवाल समाज संपत्ति ट्रस्ट, भीलवाड़ा की कार्यकारिणी के चुनाव पूरे उत्साह और लोकतांत्रिक माहौल में सम्पन्न हुए। इसमें अग्र एकता मंच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी सात पदों पर विजय हासिल की। जीत के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष पवन खेमका ने कहा कि अग्रवाल मंदिर धानमंडी का जीर्णोद्धार, समाज के भवनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करना, अग्रसेन विद्यापीठ की शैक्षणिक सुविधाओं में सुधार और अग्रसेन कन्या विद्यालय के निर्माण कार्य को गति देना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

### मतगणना रात तक चली, जीत के बाद आतिशबाजी

मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट दीपक मित्तल ने बताया कि छह पदों पर कुल 13 प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमें पांच पदों पर सीधा मुकाबला और सहमंत्री पद पर त्रिकोणीय संघर्ष हुआ। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन पहले ही हो चुका था। मतदान अग्रवाल उत्सव भवन, रोडवेज बस स्टैंड के सामने सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक चला। 2113 मतदाताओं में से 1361 मतदाताओं ने मतदान किया, जो लगभग 65 प्रतिशत रहा। मतगणना शाम 7 बजे शुरू हुई और रात 11 बजे तक परिणाम घोषित किए गए।

### उल्लास का माहौल, भगवान अग्रसेन का आशीर्वाद

मतदान और मतगणना के दौरान पूरे दिन समर्थकों में जबरदस्त जोश और नारेबाजी देखने को मिली। जीत की घोषणा होते ही आतिशबाजी और मिठाइयां बांटकर समर्थकों ने खुशी जाहिर की। इसके बाद विजेता प्रत्याशियों ने भगवान अग्रसेन के मंदिर में पहुंचकर आशीर्वाद लिया और आगामी अग्रसेन जन्मोत्सव की तैयारियों पर चर्चा की। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि पूरे चुनाव में मोबाइल फोन प्रतिबंधित रहे और संपूर्ण चुनाव व मतगणना की वीडियोग्राफी करवाई गई। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों और अधिवक्ताओं ने चुनाव को शांतिपूर्ण और गरिमामय माहौल में सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभाई।

### अग्र एकता मंच की टीम को मिली सफलता -

- अध्यक्ष - पवन खेमका ने हनुमान अग्रवाल को 72 मतों से हराया।
- उपाध्यक्ष - घनश्याम मुकुंद अग्रवाल ने राकेश मानसिंहका को 369 मतों से पराजित किया।
- महामंत्री - मुकेश कुमार अग्रवाल ने पंकज गर्ग को 224 मतों से हराया।
- सहमंत्री - मुकेश कुमार पाटोदिया ने विजय कुमार अग्रवाल को 453 मतों से हराया।
- कोषाध्यक्ष - रवि कुमार नरेडी ने बालकिशन अग्रवाल को 281 मतों से हराया।
- सहकोषाध्यक्ष - सुनील कुमार मानसिंहका ने अजीत कुमार जैन को 486 मतों से हराया।
- वरिष्ठ उपाध्यक्ष - प्रहलाद राय बंसल निर्विरोध निर्वाचित हुए।

# भगवा रंग में रंगेगा कस्बा, गणेश महोत्सव की तैयारी शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां

आगामी गणेश महोत्सव को लेकर कस्बे में तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्री गणेश सेवा समिति की बैठक माँ विंध्यवासिनी मंदिर परिसर में हुई, जिसमें आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में तय किया गया कि 27 अगस्त गणेश चतुर्थी को बजरंग चौक पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके साथ ही एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो राज भवानी वाटिका से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार होते हुए बजरंग चौक तक पहुंचेगी। शोभायात्रा में श्रद्धालु भगवान के जयकारों के साथ शामिल होंगे। विशेष आकर्षण के तौर पर उज्जैन से आए ताशे शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएंगे।

समिति ने निर्णय लिया कि महोत्सव के अवसर पर पूरा कस्बा भगवा झंडियों, फरियों और लाइटिंग से सजाया जाएगा। मुख्य बाजार के मार्ग को आकर्षक रूप दिया जाएगा, जिससे पूरे नगर का वातावरण धार्मिक और उत्साहपूर्ण बने।

बैठक में उमेश शर्मा, वरदान नायक, चीनू पंवार, धनंजय



गुरुजी, करण मेहरा, भेरू लुहार, कमल नायक, गजु मालवीय, शिवम गौड़, नैतिक कोली, अनुराग नायक, त्रिलोक पंवार, अंकुश राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बीजेएस प्रांतीय अधिवेशन का स्वर्णिम समापन, भीलवाड़ा को बेस्ट वुमन इनिशिएटिव अवॉर्ड

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भारतीय जैन संघटना बीजेएस के दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन निश्चय - प्रतिज्ञा से पुरुषार्थ की ओर का भव्य समापन उत्साह के साथ हुआ। अधिवेशन के दूसरे दिन सामयिक और अहिंसा वॉक के साथ शांति संदेश दिया गया।

नेशनल एमडी कोमल जैन ने बीजेएस के 40 वर्षों के मिशन और संगठन के नए स्वरूप बीजेएस 2.0 के तहत आने वाले प्रोग्राम्स की




जानकारी दी। विधायक अशोक कोठारी और समाजसेवी त्रिलोकचंद छाबड़ा ने समाज सेवा और प्रेम के महत्व पर जोर दिया। बी टू बी सत्र में नेटवर्किंग, बिजनेस रिलेशन और नवाचार पर चर्चा हुई।

अंतिम सत्र में अवॉर्ड वितरण हुआ। मोस्ट एक्टिव चेप्टर÷ पाली, उदयपुर; मोस्ट इनोवेटिव÷ जोधपुर, जयपुर; इमर्जिंग चेप्टर÷ बूंदी, सांचौर; बेस्ट वुमन इनिशिएटिव÷ भीलवाड़ा, कोटा; बेस्ट प्रोजेक्ट फाउंडेशन प्रोग्राम÷ अनुराधा चौधरी। इसके अलावा अन्य श्रेणियों में कई चैप्टर और कार्यक्रमों को पुरस्कृत किया गया।

# काछोला में नवनियुक्त तहसीलदार मीणा ने संभाला कार्यभार

## कार्मिकों को दिए कार्य व्यवस्था सुधारने के निर्देश, आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

तहसील मुख्यालय पर सोमवार को नवनियुक्त तहसीलदार शैतान सिंह मीणा ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने तहसील कार्यालय के कार्मिकों की बैठक लेकर कार्य व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। तहसीलदार मीणा ने इस दौरान कहा कि आमजन की शिकायतों का समय पर निस्तारण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। किसानों को राजस्व से जुड़ी समस्याओं से राहत दिलाना और उनकी परेशानियों का समाधान करना उनका पहला कर्तव्य रहेगा। मीणा के पदभार ग्रहण करने पर कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों व आमजन ने स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएँ दीं। गौरतलब है की काछोला में तहसील बनने के बाद से तहसीलदार के पद पर ये पहली नियुक्ति है ।



## QUICK BITES

### काछोला राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला



प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस के अवसर पर राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काछोला में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। चिकित्सक डॉ. राहुल यादव ने महिलाओं की जांच करते हुए कहा कि गर्भावस्था के दौरान समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण कराना बेहद ज़रूरी है। इससे मां और शिशु दोनों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। कार्यक्रम में डॉक्टर अभिषेक वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के कार्मिक महावीर सैनी, सुशील सोमानी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना एवं विभिन्न टीकाकरण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

### एआईएफ से रोजगार, नवाचार और उद्यमिता को नई दिशा : सीए अजमेरा

"वैकल्पिक निवेश परिदृश्य एवं सीए के अवसर" विषय पर संगोष्ठी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया आईसीएआई भीलवाड़ा शाखा द्वारा ÷वैकल्पिक निवेश परिदृश्य एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए अवसर÷ विषय पर सीपीई संगोष्ठी आयोजित हुई। इसमें मुख्य वक्ता पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद के सदस्य सीए सौरभ अजमेरा ने कहा कि पारंपरिक साधनों के साथ अब वैकल्पिक निवेश जैसे प्राइवेट इक्विटी, वेंचर कैपिटल, एआईएफ आदि तेजी से उभर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि एआईएफ पूंजी बाजार का सशक्त माध्यम बनते हुए नवाचार, उद्यमिता और रोजगार सृजन को नई दिशा दे रहे हैं। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स इन क्षेत्रों में निवेशकों व कॉर्पोरेट्स को परामर्श, मूल्यांकन, ऑडिट और नियामकीय अनुपालन में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

संगोष्ठी में कानूनी प्रावधानों, जोखिम प्रबंधन और कर नियोजन पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन सिकासा अध्यक्ष सीए पुलकित राठी ने किया। इसमें करीब 50 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स मौजूद रहे।

### सांवरिया सेठ की 29वीं पैदल यात्रा बरुन्दनी से हुई रवाना

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



बरुन्दनी से सांवरिया सेठ की 29वीं पैदल यात्रा सोमवार को ढोल-नगाड़ों और भजनों की गूंज के बीच रवाना हुई । श्रद्धालु नाचते-गाते यात्रा में शामिल हुए और माहौल भक्तिमय बन गया।

यात्रा का पहला रात्रि विश्राम बलदरखा में हुआ, इसके बाद अगला पड़ाव रिठोला चौराहा रहेगा। 20 अगस्त को यात्रा सांवरिया सेठ धाम पहुंचेगी, जहां भगवान को भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

यात्रा में कालू पालीवाल, श्यामलाल जाट, भूपेंद्र गट्टानी, भंवर अहीर, प्रदीप पाराशर, गणेश सारस्वत, शंकर खटीक, जगदीश सुथार, गोविंद साहू, पंकज लक्षकार, रामनारायण सोमानी, बसंतीलाल सोनी, बालू मीणा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### मातृत्व दिवस पर महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



शक्करगढ़। प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस पर सोमवार को शक्करगढ़ सीएचसी व टिटोड़ा पीएचसी में विशेष कार्यक्रम हुए। इसमें कुल 78 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां, परामर्श व गुड़-चना वितरित किया गया। सीएचसी शक्करगढ़ में डॉ. युवराज चौधरी और टिटोड़ा में डॉ. मयंक झंवर ने जांच कर मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए नियमित परीक्षण जरूरी बताया । कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के कार्मिक व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।